मंगुभाई पटेल
MANGUBHAI PATEL

लोक भवन
भोपाल-462003
LOK BHAVAN
BHOPAL-462003

सत्यमेव जयते

राज्यपाल, मध्यप्रदेश
GOVERNOR OF MADHYA PRADESH

क्रमांक 1044 /लोकभवन/2026
भोपाल, दिनांक-09 मार्च, 2026

संदेश

हर्ष का विषय है कि महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन तथा महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के संयुक्त तत्वावधान में **"भारतीय ज्योतिष ज्ञान परंपरा में वेध-विज्ञान, धर्म एवं संस्कृति"** विषय पर अंतर्राष्ट्रीय शोध-संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर **स्मारिका** का प्रकाशन सराहनीय है।

भारतीय ज्ञान–परंपरा में ज्योतिष अत्यंत महत्वपूर्ण विधा है। यह ग्रह-नक्षत्रों के अध्ययन के साथ वेध-विज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिक चिंतन का समन्वित स्वरूप है। भारतीय गणित-ज्योतिष की सूक्ष्म अवधारणाओं, काल-निर्णय की दार्शनिक पृष्ठभूमि, सिद्धांत, फलित ज्योतिष की गहन व्याख्याओं, कुंडली-निर्माण, पंचांग-रचना और मुहूर्त-निर्धारण जैसे विषयों पर चिंतन की पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। संगोष्ठी, देश-विदेश के प्रख्यात आचार्य, विद्वान एवं शोधकर्ताओं के लिए विशेष अवसर है।

आशा है, स्मारिका भारतीय ज्योतिष की वैज्ञानिकता, सांस्कृतिक व्यापकता तथा आध्यात्मिक गरिमा को विश्वपटल पर प्रतिष्ठित करने में सफल होगी।

शुभकामनाएं,

मंगुभाई पटेल
(मंगुभाई पटेल)

दूरभाष : 0755-2858828, 2858830, फैक्स : 0755-2858832, ई-मेल : mprajbhavan@mp.gov.in